कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0 प्र0
संख्या–15/डी0आर0/एस–8/2014–15
दिनांक : इलाहाबाद 07 अक्टूबर, 2016

सूचना

प्रान्तीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा उ0प्र0 के अन्तर्गत विज्ञापन संख्याः–2/2015–16, विभाग संख्याः–एस–8/28 द्वारा एलोपैथिक चिकित्साधिकारी समूह–''ख'' के 2099 (बैकलाग/अग्रेनीत) पदों पर चयन हेतु आनलाइन विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें 991 पद उ0प्र0 के अन्य पिछड़ा वर्ग व 996 पद अनु0जाति के अभ्यर्थियों तथा उ0प्र0 के अनु0जनजाति पद हेतु 112 पद आरक्षित थे। प्रश्नगत पदों हेतु आयोग द्वारा साक्षात्कार दिनांक 11, 12, 16, 17, 19, 22, 23, 24, 26, 29, 30, व 31 अगस्त तथा 01, 02, 05, 06, 07, 08, 09, 14, 15, व 16 सितम्बर, 2016 को निर्धारित किया गया था।

2– आयोग द्वारा उ0प्र0 के अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित 297 अभ्यर्थी, उ0प्र0 के अनु0जाति के हेतु आरक्षित 744 अभ्यर्थी तथा उ0प्र0 के अनु0जनजाति हेतु आरक्षित 104 पदों के सापेक्ष उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण उक्त रिक्ति अनभरी रह गयी है, जिन्हें अग्रेनीत करते हुए नियमानुसार पुनर्विज्ञापित किये जाने की संस्तुति की गयी है।

3– उक्त अभ्यर्थियों में जिनके नाम के सम्मुख औपबंधिक है, उनका चयन औपबंधिक रूप से हुआ है। आयोग द्वारा वांछित अभिलेख प्रस्तुत करने तक औपबंधिक रहेगा।

4– साक्षात्कारोपरान्त मा0 आयोग द्वारा प्रश्नगत पद हेतु कुल–954 अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु श्रेष्ठताक्रमानुसार सफल घोषित किया गया है। उक्त पदों का चयन परिणाम आयोग की वेबसाइट **http://uppsc.up.nic.in** पर भी देखा जा सकता है।

(रिजवानुर्रहमान)
संयुक्त सचिव